प्रिलिम्स फैक्ट्स: 03 सितंबर, 2021

- 63वाँ रमन मैग्सेसे पुरस्कार

63वाँ रमन मैग्सेसे पुरस्कार

(63rd Ramon Magsaysay Award)

हाल ही में ‘रमन मैग्सेसे पुरस्कार-2021’ की घोषणा की गई है। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष 31 अगस्त को फिलीपींस की राजधानी ‘मनीला’ में एक औपचारिक समारोह में प्रदान किया जाता है।

//

प्रमुख बिंदु

- ‘रमन मैग्सेसे पुरस्कार’ वर्ष 1957 में स्थापित किया गया था और इसे एशिया का सर्वोच्च सम्मान माना जाता है।
- इसका नाम फिलीपींस गणराज्य के तीसरे राष्ट्रपति ‘रमन मैग्सेसे’ के नाम पर रखा गया है।
- इस पुरस्कार का उद्देश्य एशिया में ऐसे व्यक्तियों एवं संगठनों को पहचानना और सम्मानित करना है, जिन्होंने सार्वजनिक मान्यता के लक्ष्य के बिना विशिष्टता हासिल की है और उदारता से दूसरों की मदद की है।
- वर्ष 2009 तक यह पुरस्कार पारंपरिक रूप से पाँच श्रेणियों में दिया जाता था:
    - सरकारी सेवा; सार्वजनिक सेवा; सामुदायिक नेतृत्व; पत्रकारिता, साहित्य एवं रचनात्मक संचार कला; शांति एवं अंतर्राष्ट्रीय समझ।
- हालाँकि वर्ष 2009 के बाद से ‘रमन मैग्सेसे अवार्ड फाउंडेशन’ प्रतिवर्ष ‘इमर्जेंट लीडरशिप’ के क्षेत्र से पुरस्कार विजेताओं का चयन करता है।
- पुरस्कार विजेताओं को एक प्रमाण पत्र, रमन मैग्सेसे की छवि के साथ एक पदक एवं नकद पुरस्कार प्रदान किया जाता है।
- इस पुरस्कार को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एशिया के ‘नोबेल पुरस्कार’ के रूप में मान्यता प्राप्त है।
- **वर्ष 2021 के विजेता:** बांग्लादेश से डॉ. फिरदौसी कादरी (वैक्सीन वैज्ञानिक), पाकिस्तान से मुहम्मद अमजद साकिब (माइक्रोफाइनेंस में अग्रणी), फिलिपीन से रॉबर्टो बैलोन (फिशिर और सामुदायिक पर्यावरणविद्), संयुक्त राज्य अमेरिका से स्टीवन मुंसी (मानव अधिकार कार्यकर्त्ता) और ‘वॉचडॉक (खोजी पत्रकारिता संबंधी इंडोनेशियाई समूह)।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-03-september-2021